विद्यार्थियों के नृत्य में दिखा मां दुर्गा और काली का रूप





जमशेदपुर . अरका जैन यूनिवर्सिटी परिसर 'नवोत्सव 2025' के रंग में रंग गया, जहां दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव ने कला, संस्कृति और प्रतिभा का अद्भुत संगम पेश किया . विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा और काली के रूप को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया, जिसे देख सभी मंत्रमुग्ध हो गये . कार्यक्रम में टाटा मोटर्स के कॉर्पोरेट एचआर के वरिष्ठ महाप्रबंधक नितिन संसारे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि प्रति-कुलपति प्रो . (डॉ) अंगद तिवारी और रजिस्ट्रार डॉ अमित श्रीवास्तव ने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की . इस अवसर पर 20 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया .

नवरस में 400 स्कूली बच्चों ने लिया हिस्सा

जमशेदपुर. अरका लिटरेरी क्लब की ओर से नवरस का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों से आये 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. 20 प्रतियोगिताओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद डीबीएमएस हाई स्कूल ने ओवरऑल चैंपियनशिप हुई, जबकि एडीएलएस सनशाइन स्कूल रनरअप रहा. अंग्रेजी विभाग के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य-नाटिका नवरस आकर्षण का केंद्र रही. कार्यक्रम का संचालन निश्का तरफदार और आदित्य सिन्हा ने किया.

केपीएस कदमा में ग्रैंड पेरेंट्स डे का हुआ आयोजन



जमशेदपुर. केरला पब्लिक स्कूल कदमा के प्राइमरी विंग में शुक्रवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में प्रिंसिपल शार्मिला मुखर्जी और हेडमिस्ट्रेस अलमेलु रविशंकर विशेष रूप से उपस्थित थी. इस अवसर पर करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत से हुई. हेडमिस्ट्रेस अलमेलु रविशंकर ने अपने संबोधन में पारिवारिक मूल्यों और बच्चों के जीवन में दादा-दादी, नाना-नानी के मार्गदर्शन की महत्ता पर प्रकाश डाला. छात्रों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया और दादा-दादी पर भाषण ने सभी को भावुक कर दिया.

लंबे समय से लंबित प्रमोशन व वेतन निर्धारण की प्रक्रिया पूरी

102 शिक्षकों के वेतन का हुआ निर्धारण, ₹5000 की बढ़ोतरी

वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

पूर्वी सिंहभूम जिले के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित शिक्षकों को नवरात्र में जिला शिक्षा विभाग ने तोहफा दिया है. कुल 102 शिक्षकों का ग्रेड 4 में प्रमोशन देने के बाद उनका वेतन निर्धारण भी कर दिया गया है. करीब चार माह पूर्व पूर्वी सिंहभम जिले के शिक्षकों को ग्रेड 4 में प्रमोशन दे दिया गया था, लेकिन उनका वेतन निर्धारण नहीं किया गया था. जिससे उन्हें बढ़ी हुई सैलरी नहीं मिल पाती थी.

हालांकि, शुक्रवार को कैंप लगा कर एक दिन में ही सभी शिक्षकों का वेतन निर्धारण कर दिया गया. वेतन निर्धारण के बाद शिक्षकों के मासिक वेतन में औसतन 5000 की वृद्धि होगी. इस फैसले से शिक्षकों के बीच खुशी और संतोष का वातावरण है. लंबे समय से प्रमोशन और वेतन निर्धारण की प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार कर रहे शिक्षकों ने राहत की सांस ली और इसे अपने मेहनत और समर्पण का सम्मान बताया. जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार पांडेय ने बताया कि यह पहल केवल आर्थिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे शिक्षकों का मनोबल
भी बढ़ेगा.

उन्होंने कहा कि जब शिक्षक संतुष्ट और प्रेरित होते हैं, तो उसका सीधा असर कक्षा-कक्ष में बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ता है. उन्होंने आगे कहा कि सरकार और प्रशासन का उद्देश्य शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना है.

रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



जमशेदपुर . जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के एनएसएस विंग की ओर से बिष्टुपुर कैंपस में स्वच्छता ही सेवा कैंप का आयोजन किया गया. इसमें सर्वप्रथम जागरूकता रैली निकाली गयी तथा ठेले खोमचे व छोटे-छोटे स्टॉल वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया. इस दौरान खाने की चीजों को ढक कर रखने , हाथ धोकर खाने की चीजों को छूने , सब्जियों के छिलके को कूड़ेदान में डालने आदि के बारे में बताया गया. नुक्कड़ नाटक के जरिये भी इन बातों की जानकारी दी गयी. . कार्यक्रम में डॉ ग्लोरिया पूर्ति, डॉ डी पुष्प लता, डॉ सुनीता, डॉ छगनलाल अग्रवाल व एनएसएस के छात्राओं का योगदान रहा.

रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मोहा मन



जमशेदपुर. जुस्को स्कूल कदमा में शुक्रवार को 'प्लेथोरा 2025' के अंतर्गत इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. यह दो दिवसीय कार्यक्रम कक्षा 6-8 और कक्षा 9-12 के छात्रों के लिए अलग-अलग दिनों में आयोजित हुआ. परिणामों में जूनियर श्रेणी में पृथ्वी हाउस विजेता रहा, जबकि आकाश और अग्नि हाउस रनर-अप बने. सीनियर श्रेणी में अग्नि हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, आकाश हाउस दूसरे और वायु हाउस तीसरे स्थान पर रहा. विशेष पुरस्कारों में सहयोग, टीमवर्क और सामंजस्य के लिए विभिन्न हाउसों को सम्मानित किया गया. प्रिंसिपल झुमझुमी नंदी ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम प्रतिभा के साथ-साथ अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करते हैं.

सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में अंतर धार्मिक संवाद

जमशेदपुर .सीजन ऑफ क्रिएशन प्रोजेक्ट के तहत सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को प्रकृति के साथ शांति विषय पर अंतरधार्मिक संवाद आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के एनवायरनमेंट क्लब ने किया. बेहदिन पासवान, सुजान नवल चोथिया, ब्रह्माकुमारी से अंजु बहन, जसपाल सिंह छाबड़ा, फादर डेविड विन्सेंट और रुख-ए-जेबा-खान समेत विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया. सभी वक्ताओं ने अपनी धार्मिक शिक्षाओं के आधार पर कहा कि सृष्टि पवित्र है और पर्यावरण की रक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी है.

केरला समाजम मॉडल स्कूल में नवरात्र उत्सव

जमशेदपुर. केएसएमएस के प्री-प्राइमरी विंग में नवरात्रि का उत्सव भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम ने त्योहार की सांस्कृतिक समृद्धि को खूबसूरती से प्रस्तुत किया.मुख्य आकर्षण एलकेजी और यूकेजी के बच्चों की प्रस्तुति रही, जिसमें नन्हें विद्यार्थियों ने देवी दुर्गा के नौ रूपों का जीवंत चित्रण किया. साथ ही, उन्होंने मां दुर्गा द्वारा महिषासुर पर विजय की कथा सुनायी, जो अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक है. शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने भी दर्शकों का मन मोह लिया और जोरदार तालियों से बच्चों ने उनका स्वागत किया. प्रिंसिपल नंदिनी शुक्ला ने छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में सांस्कृतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का संचार करते हैं.

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए (दो पैकेट प्रणाली में - सिर्फ क्रमांक 1 के लिए) ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं ई-निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ई.एम.डी.:** (1) **आरएसओ-आरआर-केएमपीडी-11, दिनांक 25.09.2025;** करमपदा (केएमपीडी) में रनिंग रूम का 1096 दिनों के लिए अनुरक्षण; रु. 1,97,27,708.30; रु. 2,48,600/-। (2) **आरएसओ-आरआर-केएनडी-12, दिनांक 25.09.2025;** कान्ड्रा (केएनडी) में रनिंग रूम का 180 दिनों के लिए अनुरक्षण; रु. 25,25,858.26; रु. 50,500/-। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** क्रमांक 1 के लिए रु. 5,000/- तथा क्रमांक 2 के लिए रु. 3,000/-। **ई-निविदा खुलने का स्थान:** दोनों के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ओपी)/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 17.10.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 17.10.2025 को अपराह्न 3.30 बजे। ई-निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-672)**

Jharkhand Silk, Textile & Handicraft Development Corporation Ltd.

Empanelment No - 1137

Ref no:1137 **Dated:25.09.25**

Jharcraft, a state govt. undertaking, invites from various firm/ vendors/suppliers/ for empanelment of Stitching Unit within Jharkhand state. The application are to be submitted in sealed envelope in the format given in the company's website - www.jharcraft.in, along with the general terms and condition for empanelment.

Procurement of Bid Document: Documents can be procured from the office of the Managing Director, Jharcraft at the address given below on all working days from 10:00 AM to 5:30 PM from 26 September to 08 October 2025 .Alternatively, firm can also download the Bid document from the website: www.jharcraft.in.

1.	Address for submission of tender	The Managing Director, Jharcraft, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001, Jharkhand
2.	Date of Publication of Application	26-09-2025
3.	Application submission start date	26-09-2025
4.	Last date of submission of hard copy of application	08-10-2025
5.	Date of tender opening	09-10-2025

PR 363034 Jharkhand Silk Textile Handicraft Dev. Co. Ltd.(JHARCRAFT)(25-26)#D

Sd/-
Managing Director
Jharcraft

Contact Detail: DGM (Marketing), Jharcraft
D.I.C. Campus, Ratu Road, Ranchi – 834001 (Jharkhand)
Mob: +919771498540

Jharkhand Silk Textile & Handicraft Development Corporation Ltd. (CIN: U17122JH2006SGC012606)

Short Notice Expression of Interest for Dyeing, Printing and Finishing

Ref No. 1133 **Date:-25.09.25**

Jharcraft, a state govt. undertaking, invites Expression of Interest from various organization firms/vendors for dyeing, printing and finishing of Handloom fabrics within Jharkhand state. And other state of India can participate only for printing (Block, Screen) services.

Interested bidders are advised to go through the website: www.jharcraft.in list of requirements, eligibility criteria, general terms and condition etc. and submit the bid in sealed envelope with relevant documents as per the guidelines given in the tender documents.

Date and time schedule:-

1	Address for submission of tender	The Managing Director, Jharcraft, 1st Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001, Jharkhand
2	Date of Publication of Bid on website	26-09-2025
3	Bid document download start date	26-09-2025
4	Bid submission start date	26-09-2025
5	Last date of submission of hard copy of Bid/EMD/Tender fee	13-10-2025 by 05:00 pm
6	Opening of Bid	14-10-2025 at 11:30 am

Sd/-
Managing Director
Jharcraft

Contact Details
In-charge (Handloom), JHARCRAFT,
Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi – 834 001 (JHARKHAND)
Mobile No- 9313343008

PR.NO.362929 Jharkhand Silk Textile Handicraft Dev. Co. Ltd. (JHARCRAFT)(25-26):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु वितरणी प्रमण्डल सं0–5,डिमना,जमशेदपुर
(Email – eemdd5dim.chandil@gmail.com)

निविदा रद्द करने की सूचना

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना सं0– WRD/MDD5/DIMNAJSR/F2-04/2024-25, दिनांक– 06.03.2025 जिसका प्रसारण PR 347996 (Water Resource)24-25*D द्वारा किया गया था, उसे वित्तीय वर्ष 2025–26 वार्षिक कार्यक्रम में स्वीकृत नहीं होने के कारण रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु वितरणी प्रमण्डल सं0–5,
डिमना, जमशेदपुर

PR 363036 Water Resource(25-26).D

राँची मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के लिए ई-नीलामी

सं.: सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2025 **दिनांक: 26.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा राँची मंडल के तहत ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। सूचीपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट पर पहले ही प्रकाशित कर दिया गया है। विवरण नीचे उल्लेखित है: **●श्रेणी:** कैटरिंग। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीसीएटीजी34; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के तहत जीएमयू एवं एसएमयू श्रेणियों के अधीन 51 अदद कैटरिंग इकाइयों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 13.10.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 14.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **●श्रेणी:** विज्ञापन। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएडीवीटी41; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के तहत वाणिज्यिक प्रचार संविदा (08 अदद आउट ऑफ होम, 3 अदद स्टेशन के भीतर, ट्रेन के भीतर-07, ट्रेन के बाहर-11) के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 06.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 06.10.2025 को अपराह्न 4.10 बजे। **●श्रेणी:** डब्ल्यूवीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीडब्ल्यूवीएम19; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के तहत 12 अदद डब्ल्यूवीएम की स्थापना एवं संचालन के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 13.10.2025 को सुबह 10.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 13.10.2025 को दोपहर 12.20 बजे। **●श्रेणी:** बैटरी संचालित कार (विविध स्थैतिक)। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीबीओसी21; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के रांची एवं हटिया में बैटरी संचालित कार के संचालन एवं रखरखाव के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 07.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 07.10.2025 को पूर्वाह्न 11.40 बजे। **●श्रेणी:** एटीएम। **सूचीपत्र सं.:** आरएनसीएटीएम41; **सम्पत्ति का विवरण:** राँची मंडल के तहत एटीएम हेतु 06 अदद सम्पत्तियों के लिए ई-नीलामी। **नीलामी शुरू होने की तारीख:** 13.10.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख:** 13.10.2025 को दोपहर 12.20 बजे। **टिप्पणी:** प्रत्याशित बोलीदाताओं से आईआरईपीएस की वेबसाइट (**www.ireps. gov.in**) पर ई-नीलामी पट्टा प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित सूचीपत्र के अंतर्गत लॉट वार विवरण उपलब्ध है। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, राँची**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

(PR-676)

निविदा आमंत्रण सूचना

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट)
प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची

पत्रांक- 1143 /राँची, दिनांक– 26/09/2025

झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (झारक्राफ्ट) के अधीन संचालित स्वयं सहायता समूहों को कुखेना बंडी (कॉटन) एवं कुखेना शॉल (कॉटन) के उत्पादन हेतु आवश्यक Bleach Cotton 2/ 10s, Bleach Cotton 6s ,oa Dyed Acrylic (Maroon) 2/32s धागे की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं / प्रतिष्ठानों से अति अल्पकालीन ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	कार्य का प्रकार	Bleach Cotton 2/10s, Bleach Cotton 6s एवं Dyed Acrylic (Maroon) 2/32s धागे की आपूर्ति
2	निविदा भुल्क	1000/–रूपये (एक हजार रूपये) "झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड" के नाम से समर्पित करना होगा। यह राशि वापस नहीं होगी।
3	Earnest Money Deposit (EMD)	50,000/– रूपये (पचास हजार रूपये) "झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड" के नाम से समर्पित करना होगा।
4	निविदा प्रकाशन तिथि	27.09.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे
5	निविदा समर्पित करने की प्रारम्भिक तिथि	27.09.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से
6	निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि	08.10.2025 को अपराह्न 12:00 बजे तक
7	निविदा खोलने की तिथि	08.10.2025 को अपराह्न 04:00 बजे
8	निविदा खोलने का स्थल	झारखण्ड सिल्क, टेक्सटाइल एण्ड हैण्डीक्राफ्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड, (झारक्राफ्ट), प्रथम तल, उद्योग भवन, रातु रोड, राँची।

आपूर्ति की जाने वाली धागे की विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.jharkhandtender.gov.Zin पर देखा जा सकता है।

निविदा को आंशिक / पूर्णरूपेण संशोधन करने, स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार झारक्राफ्ट के पक्ष सुरक्षित रहेगा।

ह०/– प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट, राँची

संपर्क करें–सहायक महाप्रबंधक (रशम), झारक्राफ्ट, राँची
Tel: 0651 2280042, Mob: +91-9771434691; Fax: 0651-2282059

PR.NO.363055 Jharkhand Silk Textile Handicraft Dev. Co. Ltd. (JHARCRAFT)(25-26):D

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

बैंक ऑफ बड़ौदा, ROSARB राँची, तीसरा तल्ला, एल एम स्क्वायर, सुजाता चौक, मेन रोड, राँची–834001, झारखण्ड
अनुबंध-सी

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना "अनुबंध–IV–ए (अधिनियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान देखें)

सिक्युरिटी इंटेरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत 6 (2) एवं 8 (6) की धारा के साथ पठित प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय सम्पत्तियों की प्रतिभूमिकरण और पूर्णगठन एवं सिक्युरिटी इंटेरेस्ट अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना. आम लोगों को तथा विशेष रूप से भाग लेने वाले और प्रत्याभूति दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित प्रतिभूति के पास गिरवी है उसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित प्रतिभूति, द्वारा ले लिया गया है, उसे अधोवर्णित खाताओं की वसूली हेतु **"जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है, जो भी वहाँ है के आधार पर"** बेचा जायेगा। ऋणी / यों / बंधककर्त्ता/ओं / जमानतदार/रों / सुरक्षित सम्पत्ति/याँ / बकायों / सुरक्षित मूल्य /ई–नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता / ऋणकर्ताओं / गारंटर/ बंधककर्ताओं का नाम और पता	सुरक्षित परिसंपत्तियों / बंधक संपत्ति का विवरण	कुल बकाया / ई–नीलामी की तारीख और समय / प्रारंभ समय से अंत समय	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी जमा / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1.	**ऋणी :** **मेसर्स अरियाना पावर इंफ्रा** **पंजीकृत कार्यालय:** 119, आशियाना ट्रेड सेंटर, प्रथम तल, आदित्यपुर, जमशेदपुर, जिला–पूर्वी सिंहभूम, – 831013, झारखण्ड **कारखाना का पता:** प्लॉट संख्या 780 एवं 781, गाँव–सतपुरी, पो०/थाना–तिरिंग, जिला–मयूरभंज–757053, ओड़िसा **साझेदार:** **1) श्री सुशील कुमार अग्रवाल,** सुपुत्र बुध लाल अग्रवाल, डुप्लेक्स नंबर 26, फेज–1, विजया हेरिटेज, अनिल सुर पथ, उलियान, कदमा, जमशेदपुर, जिला – पूर्वी सिंहभूम – 831005, झारखण्ड **2) श्री चंदन कुमार साहु,** सुपुत्र नेपाल चन्द्र साहु, टिएरा एफ–1604, लोढ़ा स्प्लेंद्र, घोर बुंदेर रोड, भयंदरपाड़ा, जिला – थाणे (वेस्ट) – 400615, महाराष्ट्र **3) श्री राजेश कुमार यादव,** सुपुत्र रंगीलाल यादव, बाजारसाही, पो० बहलदा, जिला–मयूरभंज – 757046, ओड़िसा **4) श्री सरवेश्वर महंता,** सुपुत्र श्री लक्ष्मीधर मोहंता, बनकाटी, पो० उकाम, कुमुदासोल, बादामपहाड़, जिला – मयूरभंज–757046, ओड़िसा **5) श्री हरिलाल साहु,** सुपुत्र स्व० गदाधर साहु, बाजारसाही, बहलदा, जिला–मयूरभंज – 757046, ओड़िसा **6) श्री नेपाल चन्द्र साहु,** सुपुत्र स्व० गदाधर साहु, बाजारसाही, बहलदा, जिला–मयूरभंज – 757046, ओड़िसा	साम्यिक बंधक के रूप में कारखाना जमीन एवं भवन जो मेसर्स अरियाना पावर इंफ्रा के नाम पर है जो मौजा – सतपुरी, थाना – तिरिंग, थाना संख्या 27, तहसील – तिरिंग, तहसील संख्या 27, जिला उप रजिस्ट्री कार्यालय बहलदा, जिला – मयूरभंज एवं राज्य – ओड़िसा में दर्ज खाता संख्या 55, प्लॉट संख्या 780, क्षेत्रफल 44 डिसिमल, प्लॉट संख्या 781, क्षेत्रफल 44 डिसिमल, कुल क्षेत्रफल 88 डिसिमल है। **चौहद्दी: उत्तर** – सड़क, **दक्षिण** – सड़क, **पूरब** – सड़क, **पश्चिम** – नाला.	**Rs. 1,59,93,125.21/-** दिनांक 01.04.2021 से अप्रायोजित ब्याज एवं शुल्क मांग पत्र और अनुबंधकीय बकाया शुल्क के अनुसार **Rs. 3,29,32,601.22/-** दिनांक 31.08.2025 तक लागत एवं ब्याज सहित **दिनांक 29.10.2025 दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक**	Rs. 96,30,000.00 / Rs.9,63,000.00 / Rs. 98,000.00	प्रतिकात्मक / दिनांक 13.10.2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक
2.	**ऋणी :** **श्री राजेश प्रसाद** सुपुत्र स्व० चन्द्र शेखर प्रसाद, क्वार्टर संख्या 793, 'बी' ब्लॉक, मनबोध बस्ती, सोनारी, जमशेदपुर–831011, झारखण्ड **श्रीमती रिता देवी** पत्नी श्री राजेश प्रसाद, क्वार्टर संख्या 793, 'बी' ब्लॉक, मनबोध बस्ती, सोनारी, जमशेदपुर–831011, झारखण्ड **श्रीमती मिश देवी** पत्नी स्व० चन्द्र शेखर प्रसाद, क्वार्टर संख्या 793, 'बी' ब्लॉक, मनबोध बस्ती, सोनारी, जमशेदपुर–831011, झारखण्ड	साम्यिक बंधक के रूप में दलमा एन्कलेव के ब्लॉक संख्या ई/2 में पाँचवे तल्ले पर स्थित फ्लैट संख्या ई/2/10 है जिसमें 3 बेड रूम, एक ड्रॉईंग सह डाईनिंग की जगह, एक किचन, दो बालकॉनी, 2 टॉयलेट है जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 1462 वर्गफीट है जिसमें एक कार पार्किंग की जगह के रूप में जमीन का अविभाजित अनुपातीय हिस्सा 406 वर्गफीट है जो चन्द्रावती नगर, जमशेदपुर–831012 में स्थित है जिसका प्लॉट संख्या 1495 का भाग, खाता संख्या 569 है जो मौजा–डिमना, थाना–एमजीएम, मानगो, वार्ड संख्या 09 (एमएनएसी) थाना संख्या 1643, जिला पूर्वी सिंहभूम में स्थित है। **उक्त फ्लैट का चौहद्दी : उत्तर** – कॉम्प्लेक्स रोड, **दक्षिण** – गली एवं डीजी रूम, **पूरब** – फ्लैट संख्या ई/2/9, **पश्चिम** – कॉम्प्लेक्स रोड.	**Rs. 18,52,214/-** दिनांक 23.11.2015 से अप्रायोजित ब्याज एवं शुल्क मांग पत्र और अनुबंधकीय बकाया शुल्क के अनुसार **Rs. 1,61,38,710.04/-** दिनांक 31.08.2025 तक लागत एवं ब्याज सहित **दिनांक 29.10.2025 दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक**	Rs. 40,74,000.00 / Rs.4,08,000.00 / Rs. 50,000.00	प्रतीकात्मक / दिनांक 16.10.2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक
3.	**ऋणी :** **मेसर्स संचार नेटवर्क** मालिक: **राकेश कुमार गुप्ता** दूसरा तल, गौरव टावर, मानगो चौक, मानगो, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम – 831012 **श्री राकेश कुमार गुप्ता** मालिक: **मेसर्स संचार नेटवर्क** 58 सी, टीचर्स कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम – 831012 **श्रीमती भागीरथी देवी** पत्नी स्व० सुरज प्रसाद गुप्ता, 58 सी, टीचर्स कॉलोनी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम – 831012	साम्यिक बंधक के रूप में जमीन एवं भवन जिसका पुराना प्लॉट संख्या 156, पुराना खाता संख्या 7, प्लॉट संख्या 2339, खाता संख्या 437, थाना नंबर 1642, वार्ड नंबर 10, भूमि 4.95 डिसिमल में से 2.52 डिसिमल (0-3-4) धुर, मौजा – मानगो, टीचर्स कॉलोनी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में है जो श्रीमती भागीरथी देवी, पत्नी सुरज प्रसाद गुप्ता के नाम पर है। **चौहद्दी (वास्तविक):** **उत्तर** – विक्रेता निज (उसी भूमि का शेष बचा भाग), **दक्षिण** – डी. गोड़, **पूरब** – 12 फीट रोड़, **पश्चिम** – बंगाली बाबु.	**Rs. 2,05,85,232.42/-** दिनांक 28.09.2021 से अप्रायोजित ब्याज एवं शुल्क मांग पत्र और अनुबंधकीय बकाया शुल्क के अनुसार **Rs. 3,29,94,370.37/-** दिनांक 31.08.2025 तक लागत एवं ब्याज सहित **दिनांक 29.10.2025 दोपहर 02:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक**	Rs. 31,60,000.00 / Rs. 3,16,000.00 / Rs. 35,000.00	प्रतीकात्मक / दिनांक 13.10.2025 को सुबह 11:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक

विक्रय की सभी शर्तें एवं दशाएं के लिए कृपया हमारे वेबसाईट लिंक **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **https://baanknet.com** पर जायें / देखें। साथ ही प्रस्तावित बोलीकर्त्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल संख्या **7542032124** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 23.09.2025
स्थान : राँची

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

ह०/– प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा